# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक

वैकल्पिक विवाद निस्तारण केन्द्र, न्यायालय परिसर, टोंक (राज.)
Phone No. : 01432-294603, E-mail: legalaidtonk@gmail.com

क्रमांक : प.( )/निविदा/2024–25/2124 दिनांक : 08-03-25

## निविदा आमंत्रण सूचना : 05/2024–25

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक में स्थापित लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल कार्यालय के लिए निम्नांकित सामग्री की आपूर्ति हेतु विनिर्मिताओं/अधिकृत फर्मों/रजिस्टर्ड डीलर्स/बोनाफाईड सप्लायर्स से निविदाएं सिंगल पार्ट व सिंगल लिफाफे में आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | सामग्री | संख्या | अनुमानित मूल्य (रूपये में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | मोहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **All in One Computer** (As per Specifications) | 3 | 3,41,500/- | 6,830/- | 200/- | 15.03.25 को 12:00 PM | 15.03.25 को 2:00 PM | 15.03.25 को 4:30 PM |
| 02. | **U.P.S.** (As per Specifications) | 3 | | | | | | |
| 03. | **Multifunctional Printer** (As per Specifications) | 1 | | | | | | |
| 04. | **Single Function Laser Printer** (As per Specifications) | 2 | | | | | | |
| 05. | **Inverter with Battery & Trolley** (As per Specifications) | 1 | | | | | | |
| 06. | **Split Air Conditioner with Stabilizer** (As per Specifications) | 1 | | | | | | |

- यह निविदा उपरोक्तानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक में खोली जाएगी। निविदा का विवरण, निविदा प्रपत्र एवं शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड, जिला न्यायालय टोंक की वेबसाईट https://tonk.dcourts.gov.in व www.sppp.raj.nic.in पर देखी और डाउनलोड की जा सकती है।
- उक्त निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
- निविदा प्रपत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक से कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क 200/– (Non Refundable) जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है। sppp पोर्टल से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का निर्धारित निविदा शुल्क एवं अमानत राशि निविदादाता को डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के नाम से बनाकर निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क व अमानत राशि नकद स्वीकार नहीं की जावेगी। डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक टोंक मुख्यालय पर स्थित बैंक में Payable योग्य होगा, जिसे District Legal Services Authority, Tonk के नाम से तैयार कराकर प्रस्तुत करना होगा। निविदा शुल्क एवं अमानत राशि के डी.डी./बैंकर्स चैक के अभाव में बोली पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
- मोहरबंद निविदाएं सिंगल पार्ट में खोली जावेगी व सिंगल लिफाफें में बंद कर जमा करानी होगी।
- किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी निविदा को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

08.03.2025

अध्यक्ष, क्रय समिति
एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
टोंक (राज.)

क्रमांक : प.( )/निविदा/2024–2025/2125-2129 दिनांक : 08-03-25

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. श्रीमान् सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर

02. अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक

03. सिस्टम ऑफिसर, न्यायिक सेवा केन्द्र, टोंक को जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

04. लेखा शाखा, कार्यालय हाजा

05. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा

08.03.2025

अध्यक्ष, क्रय समिति
एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
टोंक (राज.)

# –:: निविदा प्रपत्र ::–

All in One Computer, Multifunction Printer with Photocopy/Scanning facility, U.P.S., Single Function Laser Printer, Inverter with Battery, Split Air Conditioner with Stablizer प्रपत्र में निर्धारित मानकों (Specification) (संलग्नक–01) के अनुरूप क्रय के लिए निविदा प्रपत्र :

01. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम : ..........................................................................................

02. प्रोपराईटर का नाम व डाक का पता : ..........................................................................................

03. (i) मोबाईल नंबर : .......................................... (ii) ईमेल आई.डी. : ..........................................................

04. (i) PAN No. : .................................... (ii) GST No. : ...................................

05. फर्म/निविदादाता के बैंक खाता संख्या का विवरण :–

(i) Bank Name : ............................ (ii) Bank A/c No. : .............................. (iii) IFSC Code :.............................

06. सम्पर्क कार्यालय का पता : ..........................................................................................................................

07. किसको संबोधित किया गया – कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक

निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि रूपये 200/– (Non Refundable) District Legal Services Authority, Tonk के पक्ष में जरिये बैंक चैक/डी.डी. निविदा के साथ संलग्न है।

| क्र.सं. | बैंकर्स चैक/डी.डी. का विवरण | राशि रूपये |
|---|---|---|
| | | |

08. अमानत राशि रूपये ................................................. District Legal Services Authority, Tonk के पक्ष में जरिये बैंक चैक/डी.डी. निविदा के साथ संलग्न है।

| क्र.सं. | बैंकर्स चैक/डी.डी. का विवरण | राशि रूपये |
|---|---|---|
| | | |

09. निविदा दरें निम्नलिखित प्रारूप में प्रस्तुत है :–

| क्र. सं. | आईटम का नाम | मात्रा/संख्या | कंपनी/ मॉडल का नाम | दर प्रति नग (जीएसटी व सभी करो सहित, डिलीवरी, इंस्टालेशन व अन्य समस्त व्यय सहित) |
|---|---|---|---|---|
| **01** | **02** | **03** | **04** | **05** |
| 01. | **All in One Computer** (As per Specifications) | 3 | | |
| 02. | **U.P.S.** (As per Specifications) | 3 | | |
| 03. | **Multifunctional Printer** (As per Specifications) | 1 | | |
| 04. | **Single Function Laser Printer** (As per Specifications) | 2 | | |
| 05. | **Inverter with Battery & Trolley** (As per Specifications) | 1 | | |
| 06. | **Split Air Conditioner with Stabilizer** (As per Specifications) | 1 | | |
| | **Grand Total** | | | |

नोट :

(1) उक्त वर्णित राशि के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की राशि पृथक से इस कार्यालय द्वारा देय नहीं होगी।


(2) किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार/अस्वीकार करने, बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या एक फर्म/सप्लायर से अधिक स्टोर्स के सामान को वितरित करने का पूर्ण अधिकार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक को होगा। क्रय समिति को पूर्ण अथवा आंशिक निविदा स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

मैं/हम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा जारी की गई निविदा में वर्णित समस्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। निविदा में दी गई स्पेसिफिकेशन के ही अनुसार हमारे द्वारा दरें प्रस्तुत की गई है। इसके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाणस्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं। मूल निविदा प्रपत्र/शर्तें एवं अन्य दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर दिये गये हैं।

(निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर)

संलग्नक–01

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक

| S.No. | Item | Required Specifications |
|---|---|---|
| 01. |  | **03 All in One Computer : Dell/HP Preferred or any reputed brand**<br>➢ Intel Core, i5 Processor with 12th Generation or Higher<br>➢ OEM Motherboard<br>➢ Suitable Chipset for quoted processor with upgradable support<br>➢ 8GB DDR RAM or Higher<br>➢ 500 GB SSD or Higher<br>➢ 23" or Higher LCD/TFT Display & Better Resolution<br>➢ Standard OEM Keyboard and Optical Mouse with Mouse Pad<br>➢ WEBCAM full HD with Integrated MIC<br>➢ Integrated Sound Controller with Integrated Speakers<br>➢ Integrated Ethernet Controller with RJ-45 Connector, Integrated WIFI & Bluetooth<br>➢ USB Ports (2.0 & 3.0), 1 HDMI Out Port, 1 DP Port (if available)<br>➢ Pre Installed Geniune Microsoft Windows 11 or higher<br>➢ All necessary accessories<br>➢ Warranty as per OEM norms |
| 02. |  | **03 U.P.S – (Preferred Microtek/Luminous or any reputed Brand)**<br>➢ 1 KVA in built batteries full protection with minimum 20 minutes backup on 1 PC<br>➢ Warranty as per OEM norms |
| 03. |  | **01 Multifunctional Printer : Preferred Canon/HP or any other reputed brand**<br>➢ Laser MFP (Print, Scan, Copy) [ADF+Flatbed]<br>➢ Connectivity : USB 2.0, WIFI, Ethernet<br>➢ Compatability Windows 10, 11, Ubuntu, Linux<br>➢ Preference will be given to Duplex Print<br>➢ Warranty as per OEM norms |
| 04. |  | **02 Single Function Laser Printer : Canon/HP Preferred or any other reputed brand**<br>➢ Laserjet Print Mono<br>➢ Connectivity : USB 2.0 (Preferably WIFI & Ethernet)<br>➢ Compatablity Windows 10, 11, Ubuntu, Linux<br>➢ Warranty as per OEM norms |
| 05. |   | **01 Inverter with Battery and Trolley: Microtek/Luminous/Okaya/Livguard Preferred or any other reputed brand**<br>➢ Inverter Capacity : 1 KVA/12 Volt;<br>➢ Support: Single Battery of 12V;<br>➢ Battery Details- Type: Tall tubular battery;<br>➢ Construction: Rugged, Rated Capacity: 150 Ah/12V or higher<br>➢ Warranty: As per brand Norms<br>➢ Eco Volt Neo 1050 Sine Wave Inverter, Red Charge 18000 150Ah Tall Tubular Battery |
| 06. |    | **01 Split Air Conditioner with Stablizer: Hitachi/ Voltas/ Mitsubishi/ Daikin/O-General Preferred or any other reputed brand**<br>➢ SITC (Supply, Installation, Testing & Commissioning) of Air Cooled split type 1.5 Ton with Copper Condenser coil, Rating Minimum 3 star or higher, Copper Pipe Extra as per installation requirement<br>➢ Warranty: As per Brand Norms<br>➢ All necessary Accessories<br>**Stabilizer** : With full compatablity with AC<br>(Preferred brand : Pixels/V-Guard or any other reputed brand) |

## –:: निविदा के लिए शर्ते ::–

01. निविदा निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।
02. भरे हुये निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत अमानत राशि (एसएसआई इकाईयों से 0.5 प्रतिशत) डी.डी./बैंकर्स चैक के रूप में District Legal Services Authority Tonk के नाम से जमा करवाना होगा। अमानत राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
03. निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में निर्धारित दिनांक 15.03.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे तक कार्यालय समय में उपस्थित होकर निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। sppp पोर्टल से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का निर्धारित निविदा शुल्क एवं अमानत राशि निविदादाता को डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के नाम से बनाकर निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क व अमानत राशि नकद स्वीकार नहीं की जावेगी। डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक टोंक मुख्यालय पर स्थित बैंक में Payable योग्य होगा, जिसे District Legal Services Authority, Tonk के नाम से तैयार कराकर प्रस्तुत करना होगा। निविदा शुल्क एवं अमानत राशि के डी.डी. /बैंकर्स चैक के अभाव में बोली पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
04. मोहर बन्द निविदायें दिनांक 15.03.2025 को मध्याह्न 2:00 बजे तक कार्यालय द्वारा प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 15.03.2025 को सायं 4:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी। समय के पश्चात् आने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेगी।
05. निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति कार्यादेश देने के 05 दिवस में करनी होगी।
06. सभी दरें गंतव्य स्थान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक कार्यालय तक एफ.ओ.आर. उदृत की जानी चाहिये, जिसमें सभी कर एवं लागते समाहित होनी चाहिये। इसमें किसी भी प्रकार लोडिंग/अनलोडिंग/इन्सटॉलेशन/डिलीवरी चार्ज विभाग द्वारा देय नहीं होगा।
07. निविदादाता को निविदा सूचना, बिड पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के नाम से संबोधन करते हुये अपनी बिड प्रस्तुत करनी होगी। जिसमें लिफाफें पर ''LADC कार्यालय (All in One Computer, UPS, Printer Multifuntion/Single Functional, Inverter, AC) हेतु निविदा'' लिखा होना चाहिये तथा निविदादाता का नाम पूर्ण पता, दूरभाष व मोबाईल नंबर लिखकर मुहरबंद कर लिफाफें में निविदा प्रस्तुत करनी होगी। यदि लिफाफे पर उपर्युक्तानुसार विवरण अंकित नहीं किया जाता है तो उपापन संस्था इसके परिणामों के बारे में कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करेगी।
08. निविदादाता को ब्लैक लिस्ट नहीं होने के संबंध में इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसे केन्द्रीय या राज्य सरकार के किसी भी विभाग आदि द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आईटम (All in One Computer, UPS, Printer Multifuntion/Single Functional, Inverter, AC) की आपूर्ति हेतु ब्लैक लिस्ट/अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।
09. निविदादाता को सभी सामग्री कार्यालय में ही उपलब्ध करवाकर स्थापित/इन्सटाल्ड करना होगा, जिसका विभाग द्वारा कोई अतिरिक्त चार्ज देय नहीं होगा।
10. यदि निविदाकर्ता किन्ही निविदत्त वस्तुओं की खरीद नहीं करता है तो निविदादाता किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।
11. क्रय समिति को निविदा वस्तुओं की गुणवत्ता एवं लागत के आधार पर निर्णित करने का पूर्ण अधिकार होगा। क्रय समिति नियमानुसार निविदाताओं को नेगोशियेशन के लिये आमंत्रित कर सकती है। इसके बावजूद भी दरें अनुकूल नहीं पाये जाने पर अथवा सामग्री वांछित गुणवत्ता की नहीं होने पर निरस्त की जा सकती है।
12. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
13. निविदा में वर्णित सामग्री की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी/वृद्धि की जा सकती है।
14. दरें शब्दों व अंकों दोनों में त्रुटि या उपरिलेखन के नहीं होनी चाहिए। यदि शुद्धि करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं दिनांक सहित उन पर हस्ताक्षर किये जाने चाहिए। शब्दों एवं अंकों में राशि में अंतर होने पर शब्दों में अंकित राशि सही मानी जाएगी।
15. (क) सफल निविदादाता को 03 दिवस में निर्धारित प्रारूप में करार पत्र निष्पादित

करना होगा तथा उनके मूल्य के 5 प्रतिशत (एसएसआई इकाईयों से 1 प्रतिशत) के बराबर कार्य संपादन प्रतिभूति जमा करानी होगी।

(ख) निविदा के समय जमा कराई गई अमानत राशि को कार्य संपादन प्रतिभूति की राशि के लिए समायोजित किया जावेगा।

(ग) कार्य संपादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जावेगा।

(घ) कार्य संपादन प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण(फोरफीट) कर लिया जावेगा, यदि संविदा की संतोषजनक ढंग से करने में असफल हो या सेवा उपलब्धता त्रुटिपूर्ण ना हो।

(च) प्रतिवेदन निक्षेप के समपहत करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में समिति अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

(छ) 500/— के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर करार पत्र निविदादाता द्वारा स्वयं के संपूर्ण खर्चे पर निष्पादित किया जायेगा, जिसकी मूल प्रति निविदाकर्त्ता के पास सुरक्षित रहेगी।

16. अमानत राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहरण कर लिया जायेगा :—

(1) जब निविदादाता निविदा के खुलने के बाद किंतु निविदा को स्वीकार करने से पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।

(2) जब निविदादाता प्रदायगी के लिये आदेश देने के बाद कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा नहीं करता है।

(3) यदि वह विर्निदिष्ट समय के भीतर, यदि कोई हो, करार कर निष्पादन नहीं कराता है।

(4) यदि वह विहित समय के भीतर क्रय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय प्रारम्भ करने में असफल रहता है।

17. किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार/अस्वीकार करने, बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने एक फर्म/सप्लायर से अधिक स्टोर्स की मदों को वितरित करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। क्रय समिति को पूर्ण अथवा आंशिक निविदा स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

18. निविदा बिक्रीकर समाशोधन प्रमाण—पत्र अधिकृत विक्रेता को देना होगा।

19. सामग्री की दरों के साथ सामग्री का ब्रोशर भी दिया जा सकता है।

20. सामान की आपूर्ति विलम्ब से करने पर निम्नानुसार परिनिर्धारित नुकसान की वसूली की जावेगी। भुगतान योग्य राशि का प्रतिशत :—

(क) विहित अवधि से 25 प्रतिशत तक अवधि के विलम्ब के लिए 2.5 प्रतिशत।

(ख) विहित अवधि से 25 प्रतिशत से अधिक 50 प्रतिशत तक अवधि के विलम्ब के लिए 5 प्रतिशत।

(ग) विहित अवधि से 50 प्रतिशत से अधिक 75 प्रतिशत अवधि के विलम्ब के लिए 7.5 प्रतिशत।

(घ) विहित अवधि से 75 प्रतिशत से अधिक अवधि के विलम्ब के लिए 10 प्रतिशत।

21. नियमानुसार आयकर व जी.एस.टी. की कटौती की जावेगी। जीएसटी प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

22. दरों में जी.एस.टी. की राशि सम्मिलित की जाये। सभी प्रकार के जी.एस.टी. (CGST/RGST/IGST) का भुगतान बिल पर अलग से नहीं किया जायेगा। उसे कोट की गयी दर में ही सम्मिलित माना जायेगा।

23. बोलीदाता आवश्यक रूप से मूल दर (समस्त खर्चों सहित) का कॉलम में अंकन करेगा। यदि बोलीदाता निविदा प्रपत्र में किसी प्रकार के जीएसटी की दर का मूल दर में जोड़कर अंकन नहीं करता है, ऐसी परिस्थिति में अलग से दर्शाने पर भी निविदादाता का किसी भी प्रकार का स्पष्टीकरण स्वीकार्य नहीं होगा।

24. निविदा के साथ संलग्न सूची में वर्णित इलेक्ट्रॉनिक के प्रत्येक आईटम की एकल दरें ही मान्य होगी। एक से अधिक दरें देने पर संबंधित आईटम की दरें अस्वीकार होगी।

25. उपापन संस्था द्वारा न्यूनतम अथवा लाभकारी दर को स्वीकृत किया जायेगा।

26. दरें बोली खोले जाने की दिनांक से 03 माह तक के लिये लागू रहेंगी। निविदा दाता को चाहे कार्यादेश अलग—अलग समयावधि में दिये जाये, उसके द्वारा बिड प्रपत्र में भरी दरें दिनांक 3 माह की कालावधि हेतु विधि मान्य रहेंगी एवं उन्ही दरों पर भुगतान स्वीकृत किया जायेगा।

27. क्रय अधिकारी या उसका सम्यक रूप से प्राधिकृत समस्त उपयुक्त समयों पर प्रदायक के परिसर में पहुंच सकेगा और उसे समस्त उपयुक्त समयों पर निरीक्षण तथा परीक्षण करने की शक्ति होगी। क्रय समिति सामग्री का नमूना कार्यालय में मंगवाकर निरीक्षण की अपेक्षा कर सकती है। इस पर होने वाले व्यय की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। जिसका समायोजन/पुनर्भरण देय नहीं होगा।
28. निविदा दाता अपने कार्यालय, गोदाम, वर्कशॉप का पूरा पता प्रस्तुत करेगा जहां निरीक्षण किया जा सकता है तथा साथ ही उस व्यक्ति का नाम व पता भी प्रस्तुत करेगा जिससे इस प्रयोजनार्थ संपर्क किया जाना है।
29. निविदादाता को सामग्री की पैंकिंग समुचित आकार प्रकार में व्यवस्थित रूप से कर संबंधित गंतव्य स्थल तक बिना टूट फूट के सुरक्षित रूप से पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी।
30. निविदा में वर्णित सामानों से संबंधी समस्त परेशानियों का निराकरण सप्लायर द्वारा करना होगा।
31. निविदा सामग्री का मूल बिल दो प्रति में पेश करना होगा।
32. आपूर्ति की गई सामग्री, कार्यादेशानुसार एवं संतोषप्रद होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
33. सभी सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुसार उच्च क्वालिटी एवं प्रतिष्ठित ब्रांड की होनी चाहिये।
34. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत की गई दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान/प्रभार देय नहीं होगा।
35. किसी भी प्रकार के नुकसान के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
36. क्रय समिति आवश्यकतानुसार क्रय कर सकती है। जिन फर्मों की निविदा स्वीकार की जायेगी, उन्हें मांग के अनुसार आईटम्स की सप्लाई कार्यालय द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर करनी होगी। माल की सप्लाई आदेशानुसार या समय पर नहीं होने पर फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी तथा कार्यालय को होने वाली वित्तीय क्षति का उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा।
37. शेष शर्तें सामान्य वित्तीय एवं लेखा के नियमानुसार होगी।
38. किसी विवाद पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा एवं समस्त क्षेत्राधिकार टोंक न्यायक्षेत्र में निहित होगा।

मुझे/हमें उक्त निविदा में वर्णित सभी शर्तों सहित राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 में संलग्न शर्तों से बाध्य होना स्वीकार है। इस हेतु हमने/मैने बोली के साथ संलग्न सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण स्वरूप अपने हस्ताक्षर कर दिये है।

दिनांक :

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील
(पत्राचार का पूर्ण मय दूरभाष/मोबाईल नंबर)

# ब्लैक लिस्टेड नहीं होने का घोषणा–पत्र

(रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर एवं नोटरी से प्रमाणित)

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैनें/हमने सामग्री की जहाँ भी आपूर्ति की है, उस आपूर्ति में विगत 3 वर्षों में आपूर्ति sub-standard होने के अथवा सेवा असंतोषजनक होने के कारण हमें किसी भी राजकीय विभाग/कार्यालय उपक्रम/कम्पनी द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है। हम यह भी घोषणा करते हैं कि हमारे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में सामान प्रदायगी का कोई वाद लम्बित नहीं है तथा इस विषयान्तर्गत हमें किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा मेरे/हमारे विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान : ...............

दिनांक : ...............

(बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मुहर)

## बोलीदाताओं द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैनें/हमने जिन मालों/सामानों/उपकरणों के लिए बोली दी हैं, उनका/उनके मैं/हम बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/डीलर/विपणन एजेंट हूँ/हैं। प्रमाण–पत्र बिड प्रपत्र के साथ संलग्न है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी बिड प्रतिभूति को पूर्ण रूप से जब्त (Forfeit) किया जा सकेगा तथा बोली को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

दिनांक :

(बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मुहर)

## Fall Clause प्रमाण–पत्र

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैनें/हमने बोली में चाही गई सामग्री की जहाँ कहीं भी आपूर्ति की है, उस आपूर्ति में विगत प्रश्नगत बोली के क्रम में अनुबंध अवधि में इस बोली में प्रस्तुत दरों से कम दरों पर किसी भी विभाग, निगम, बोर्ड अथवा स्वायत्तशाषी संस्था आदि को यदि आपूर्ति की जाती है तो तद्नुसार ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक से कम दरों पर भुगतान प्राप्त करने के लिए सहमति प्रदान करता हूँ।

दिनांक :

(बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मुहर)

# मानकों के अनुसार सामग्री आपूर्ति घोषणा–पत्र

(रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एंव नोटेरी पब्लिक से प्रमाणित)

मै हम घोषणा करता हूँ, करते हैं कि मेरी/हमारी फर्म द्वारा आपूर्ति की गई इलेक्ट्रॉनिक आईटम (All in One Computer, UPS, Printer Multifuntion/Single Functional, Inverter, AC with Stablizer) यदि मानको के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण नहीं पाई जाती है तो उनको क्रय समिति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक को लौटाने या अस्वीकार करने का अधिकार होगा, जिसके लिए मैं/हम सहमति प्रदान करते हैं/करता हूँ।

हमारी फर्म द्वारा आपूर्ति की गई उक्त इलेक्ट्रॉनिक आईटम (All in One Computer, UPS, Printer Multifuntion/Single Functional, Inverter, AC with Stablizer) निर्दिष्ट मानको/ गुणवत्ता के अनुरूप नहीं होने पर क्रय समिति द्वारा अस्वीकार किया जाता है तो उक्त इलेक्ट्रॉनिक आईटम (All in One Computer, UPS, Printer Multifuntion/Single Functional, Inverter, AC with Stablizer) के स्थान पर मानको गुणवत्ता पूर्ण नये इलेक्ट्रोनिक आईटम (All in One Computer, UPS, Printer Multifuntion/Single Functional, Inverter, AC with Stablizer) की आपूर्ति करेंगे/करूंगा।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाये तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी हमारी प्रतिभूति राशि को पूर्ण रूप से समपूहत किया जा सकेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सकती है।

बिडदाता के हस्ताक्षर गय मुहर :

बिडदाता का नाम :

पूर्ण पता :

टेलीफोन नं :

मोबाईल नं :

ईमेल :

## संलग्न दस्तावेजात की सूची

| क्र.सं. | दस्तावेज | संलग्न है | संलग्न नहीं | पेज नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 01. | मूल निविदा प्रपत्र | | | |
| 02. | फर्म का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन | | | |
| 03. | PAN No. | | | |
| 04. | Firm Bank A/c Passbook/ Cancelled Cheque | | | |
| 05. | सामग्री का विस्तृत विवरण (Brochure) | | | |
| 06. | ब्लैक लिस्टेड नहीं होने का घोषणा–पत्र | | | |
| 07. | बोली दाताओं द्वारा घोषणा | | | |
| 08. | Fall Clause प्रमाण–पत्र | | | |
| 09. | मानकों के अनुसार सामग्री आपूर्ति घोषणा–पत्र | | | |
| 10. | Annexure A to D | | | |
| | | | | |

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मुहर

# करार पत्र (देखिये नियम 68)

## (रूपये 500/— के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर एवं नोटरी से प्रमाणित)

01. यह करार पत्र आज दिनांक ..............................माह मार्च सन् 2025 को एक पक्ष के ........................................ ........................................................................................ (जिसे इसमें आगे 'अनुमोदित स्पलायर कहा गया है तथा इस अभिव्यक्ति में, जहां संदर्भ द्वारा ऐसा स्वीकार किया जाएगा, उसके उत्तराधिकारियों, निष्पादको एवं प्रशासकों को शामिल किया हुआ समझा जाएगा) तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक (जिसे इसमें 'DLSA Tonk' कहा गया है तथा इस अभिव्यक्ति में, जहां संदर्भ द्वारा ऐसा स्वीकार किया जाएगा, उसके पद के उत्तराधिकारियों एवं समनुदेशितियों को शामिल किया हुआ समझा जाएगा) द्वितीय पक्ष के बीच सम्पन्न किया गया।

02. चूंकि अनुमोदित सप्लायर द्वारा DLSA Tonk को उसके मुख्यालय पर तथा विनिर्दिष्ट स्थान पर भी, इसमें संलग्न की अनुसूची में दी गयी सभी वस्तुओं को बोली एवं बोली की शर्तों में दिये गये तरीके से तथा निविदा प्रपत्र में दी गयी दरों पर सप्लाई करने के लिये सहमत हो गया।

03. एवं चूंकि अनुमोदित सप्लायर ने रूपये की राशि निम्न प्रकार से जमा करायी है।

(क) बैंक ड्रॉफट/चालान संख्या/बैंकर्स चैक संख्या ......................... दिंनाक .......................... द्वारा

(ख) विभागीय प्राधिकारियों के पास विधिवत् रेहन रखकर डाकघर बचत बैंक पास बुक के रूप में,

(ग) अल्प बचतों को प्रोत्साहन देने हेतु राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्रों/डिफेंस सेविंग्स सार्टिफिकेट/ किसान विकास पत्रों या किन्ही अन्य स्क्रीप्ट/इन्सट्रूमेंट्स के रूप में, यदि इन्हें संबंधित नियमों के अधीन (प्रमाण पत्र उनके समर्पण मूल्य पर स्वीकार किए जाएंगे) उक्त करार के निष्पादन के लिए प्रतिभूति के रूप में गिरवी रखा जा सकता हो तथा उसे विभागीय प्राधिकारियों को औपचारिक रूप से हस्तान्तरित कर दिया गया है।

04. अतः अब यह विलेख निम्नलिखित का साक्षी है—

(1) इससे संलग्न अनुसूचि में दी गयी दरों पर ................................ के मार्फत DLSA Tonk द्वारा किये जाने वाले भुगतान के प्रतिफल में अनुमोदित सप्लायर ........................................................................ में तथा निविदा एंव संविदा की शर्तो में दिए गए तरीके से उक्त वस्तुओं की विधिवत सप्लाई करेगा।

(2) निविदा सूचना संख्या ...................... दिनांक ................................ से संलग्न खुली निविदा हेतु बोली एवं बोली की शर्तों में तथा इस करार पत्र से जुडी शर्तों को इस करार पत्र के भाग के रूप में लिया हुआ समझा जाएगा तथा इस करार पत्र को निष्पादित करने वाले पक्षकारों के लिए मान्य होंगी।

(3) निविदादाता से प्राप्त पत्र में वर्णित संख्यायें तथा DLSA Tonk द्वारा जारी किए पत्र इस करार पत्र के भाग के रूप में होंगे।

(4)(क) DLSA Tonk एतद्द्वारा स्वीकार करती है कि यदि अनुमोदित सप्लायर उक्त वस्तुओं की उपर्युक्त तरीके से विधिवत् सप्लाई करेगा, उक्त शर्तों का पालन करेगा तथा उन्हें बनाए रखेगा तो DLSA Tonk .................................. के माध्यम से अनुमोदित सप्लायर को उक्त शर्तो में दिए गए समय पर तथा तरीके से, प्रत्येक माल प्रेषण के लिए देय राशि का भुगतान करेगी या भुगतान करवाएगी।

(ख) भुगतान की विधि नीचे दिए गए वर्णन के अनुसार होगी :–

01. माल का भुगतान जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तथा इस हेतु गठित कमेटी द्वारा माल स्वीकार किये जाने के पश्चात् किया जावेगा।
02. प्रक्रिया के अंतर्गत भुगतान में विलम्ब होने पर किसी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।
03. माल की सुपुर्दगी सप्लाई देने हेतु आदेश की तारीख से नीचे अंकित अवधि के भीतर प्रारम्भ की जाकर पूर्ण की जावेगी।

05. (1)(i) यदि परिनिर्धारित क्षति के साथ सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि की गई हो तो सप्लाई ना किये गये सामानों के लिए निम्नलिखित प्रतिशत के हिसाब से वसूली की जायेगी।

(क) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि के विलम्ब के लिए 2.5 प्रतिशत

(ख) एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु आधी अवधि से अधिक के लिए 5 प्रतिशत

(ग) एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु तीन चौथाई अवधि से अधिक के लिए 7.5 प्रतिशत

(घ) विहित सुपुर्दगी अवधि की तीन चौथाई अवधि से अधिक के विलम्ब के लिए 10 प्रतिशत

टिप्पणी :

(i) विलम्ब की अवधि में आधे दिन से कम को छोड दिया जाएगा।

(ii) स्वीकार की गयी परिनिर्धारित क्षति की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी।

(iii) यदि सप्लायर किसी प्रकार की बाधा के घटित हो जाने के कारण संविदान्तर्गत सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वद्वि करने के लिए कहता है तो वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा जिसने वह सप्लाई आदेश दिया था। किन्तु यह आवेदन बाधा के घटित होने पर तत्काल उसी समय दिया जाएगा ना कि सप्लाई को पूर्णकरने की निर्धारित तारिख़ के बाद दिया जाएगा।

5(2) यदि माल की सप्लाई में विलम्ब ऐसे विघ्न के कारण हुआ हो जो निविदादता के नियंत्रण के परे हो तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्वि परिनिर्धारित क्षति के साथ या उसके बिना कर दी जाएगी।

06. करार से उत्पन्न होने वाले समस्त विवाद तथा इस करार पत्र के निर्वचन या व्याख्या से सम्बन्धित सभी प्रश्न DLSA Tonk द्वारा विनिश्चित किए जाएंगे तथा DLSA Tonk का निर्णय अन्तिम होगा।

इसके साक्ष्य में इसमें पक्षकारो ने आज दिनांक ................ माह .................. सन् ................ को अपने हस्ताक्षर किए।

दिनांक :

अनुमोदित सप्लायर के हस्ताक्षर मय मोहर

**DLSA Tonk** के लिए एवं उनकी ओर से
पदनाम : सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक

साक्षी सं. 01

साक्षी सं. 01

साक्षी सं. 02

साक्षी सं. 02